भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
विधायी विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3095
जिसका उत्तर शुक्रवार, 09 अगस्त, 2024 को दिया जाना है

निर्वाचन में अनिवार्य मतदान

3095. श्री अनिल यशवंत देसाई :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हाल ही में संपन्न संसदीय निर्वाचनों के दौरान मतदान का प्रतिशत कितना रहा;

(ख) सबसे अधिक और सबसे कम मतदान वाले राज्यों का ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार का देश में मतदान को अनिवार्य बनाने संबंधी कोई प्रस्ताव/औचित्य है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(घ) क्या किसी अभिकरण, गैर-सरकारी संगठन या सरकार ने समाज के कतिपय वर्गों द्वारा अधिक मतदान और निम्न/नगण्य मतदान किए जाने का पता लगाने के लिए कभी कोई अध्ययन किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर

**विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार);
संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री अर्जुन राम मेघवाल)**

(क) : भारत निर्वाचन आयोग ने सूचित किया है कि साधारण निर्वचान, 2024 में मतदान केन्द्रों पर कुल 65.79 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया ।

(ख) : भारत निर्वाचन आयोग ने सूचित किया है कि साधारण निर्वचान, 2024 के सभी चरणों के लिए क्रमशः असम और बिहार राज्य में सबसे अधिक और सबसे कम मतदान हुआ ।

(ग) : जी नहीं।

(घ) : जी नहीं ।

****